पत्रांक–भवन / मु0अभि0(द0)यो0–प्राक0–02–39 / 2025 379 (वि) / पटना, दिनांक– 13/3/26

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– **जमुई जिलान्तर्गत नव निर्मित निरीक्षण भवन सोनो, जमुई के हाउसकींपिग एवं कैटरिंग कार्य हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 में कुल ₹13,64,500/– (तेरह लाख चौसठ हजार पाँच सौ रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुंगेर के पत्रांक–29, दिनांक–15.01.2026 के आलोक में जमुई जिलान्तर्गत नव निर्मित निरीक्षण भवन, जमुई के हाउसकीपिग एवं कैटरिंग कार्य हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 में कुल ₹13,64,500/– (तेरह लाख चौसठ हजार पाँच सौ रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. उक्त कार्य पर व्यय की जानेवाली राशि "मांग संख्या–03 के मुख्यशीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उपमुख्य शीर्ष–80–सामान्य–लघु शीर्ष–053–रखरखाव तथा मरम्मत–उपशीर्ष–0001–अनुरक्षण एवं मरम्मत–मतदेय **विपत्र कोड–03–2059800530001** के विषयशीर्ष–27–लघु कार्य–0001.27.02–अनुरक्षण एवं मरम्मत" के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 के उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।
3. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।
4. इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, **जमुई** होंगे।
5. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, **जमुई** से की जायेगी।
6. प्रस्तुत योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार द्वारा संचिका सं०–भवन / मु0अभि0(द0) यो0–प्राक0–02–39 / 2025 के पृष्ठ– 12 / टि० पर दिनांक– 06.03.2026 को प्रदान की गयी है।
7. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक–31.05.2017 के आलोक में इस योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है।
8. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं०सं०– भवन / मु0अभि0(द0) यो0–प्राक0–02–39 / 2025 के पृष्ठ– 12 / टि० पर प्राप्त है।
9. वित्त विभागीय परिपत्र सं०–7355 वि०(2) दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इस राशि की निकासी में महालेखाकार के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

(राजेश कुमार सिंह) 13/3/26
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– 379 (वि) पटना, दिनांक– 13/3/26

प्रतिलिपि–वित्त विभाग(बजट शाखा) एवं जिला कोषागार पदाधिकारी, **जमुई** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– 379 (वि) पटना, दिनांक– 13/3/26

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैद्यिक / सभी मुख्य अभियंता / बजट पदाधिकारी / आन्तरिक वित्तीय सलाहकार / निदेशक, अनुश्रवण / अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, **मुंगेर** / उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, **जमुई** / प्रशाखा पदाधिकारी (बजट) / आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव।